हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 10 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 26 .0 डिग्री

12 कई इलाकों में जलभराव व सीवरेज ओवरफ्लो की बनी समस्या



12 खुले में कचरा डालने पर निगम हुआ सख्त 26 अधिकारी...



## खबर संक्षेप

### पार्षद और एचएसवीपी अधिकारियों ने लिया जायजा

**हिसार।** सेक्टर 33 वासियों द्वारा गत दिवस हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी), नगर निगम मेयर, वार्ड एक के पार्षद को सेक्टर की बदहाली को लेकर सौंपे गए ज्ञापन के बाद मंगलवार को वार्ड एक के पार्षद प्रतिनिधि टीनू जैन एचएसवीपी अधिकारियों को साथ लेकर हालात का जायजा लेने के लिए पहुंचे।

### निगम ने पटेल नगर मार्केट व दिल्ली रोड पर काटे चालान

**हिसार।** नगर निगम ने मंगलवार को नगर निगम की टीम ने पटेल नगर मार्केट व दिल्ली रोड पर अभियान चलाकर साफ-सफाई, डस्टबिन और कचरा प्रबंधन की स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि क्षेत्र में रेहड़ी संचालकों और दुकानदारों द्वारा डस्टबिन का उपयोग नहीं किया जा रहा था। स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने पर निगम ने कुल 8 व्यक्तियों के खिलाफ चालान जारी करते हुए 800 रुपये का जुर्माना वसूला।

### छाजूराम शिक्षण संस्थान ने निकाली जागरूकता रैली

हिसार। हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम के द्वारा छाजुराम शिक्षण महाविद्यालय बीएड कॉलेज के छात्रों व स्टाफ के साथ स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। इसके साथ ही स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

### सेकेंडरी प्वाइंट पर घर का कचरा डालने पर चालान

हिसार। नगर निगम की टीम ने निरीक्षण के दौरान कैमरी रोड स्थित पटेल नगर कम्युनिटी सेंटर के नजदीक नगर निगम द्वारा बनाए गए सेकेंडरी प्वाइंट पर घर का कचरा डाला हुआ था। सीएसआई राजकुमार व एएसआई कपिल ने जांच के दौरान पाया कि कचरा पटेल नगर निवासी के द्वारा डाला गया है। कचरे डालने वाले व्यक्ति मौके पर बुलाया गया।

### 2.83 लाख की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी काबू

**हांसी।** साइबर थाना क्राइम हांसी पुलिस ने क्रिप्टो करेंसी में रुपए इन्वेस्ट कर टास्क पूरा करने के नाम पर 283412 रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पश्चिम बंगाल के विवेकानंद परगना निवासी साइकत के रुप में हुई है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही सुरेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने 4 जून को गांव गढ़ी निवासी प्रिया के मोबाइल व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजकर क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्ट करवाने व टास्क पूरा करने के नाम पर कुल 283412 रुपए की धोखाधड़ी की थी। साइबर क्राइम थाना हांसी पुलिस ने प्रिया की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से 70 हजार रुपए बरामद कर कब्जा पुलिस में लिए गए है।

### बरसाती पानी की निकासी नहीं होने से परेशान आर्य नगर के ग्रामीणों ने जताया रोष दौड़ अधिकारी



गांव सरसौद के पास हिसार-चंडीगढ़ हाइवे पर जलभराव से गुजरते वाहन चालक।

# जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा की ससुराल में ग्रामीणों ने हिसार-भादरा सड़क मार्ग लगाया जाम

डीसी ने आर्यनगर में जलभराव निकासी प्रबंधों व लाडवा तथा दाहिमां के बीच टूटी हुई ड्रेन का निरीक्षण किया, अब तक जिले के 45 हजार 437 किसानों द्वारा लगभग 2 लाख 85 हजार 702 एकड़ भूमि में फसल नुकसान का पंजीकरण

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार*

*पानी निकासी की मांग को लेकर जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा की ससुराल गांव आर्य नगर के ग्रामीणों ने मंगलवार की सुबह हिसार-भादरा स्टेट हाइवे पर जाम लगा दिया। गांव के बस स्टैंड के पास मुख्य सड़क पर लगभग आधे घंटे लगे जाम से आवागमन बाधित हो गया। बाद में अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर रास्ता खुलवाया। इससे पूर्व जाम लगा रहे आर्य नगर के ग्रामीणों का बताया कि वे पिछले काफी समय से बरसाती पानी निकासी की समस्या से जूझ रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। एक तरफ उनके खेत पानी से लबालब है, दूसरी तरफ गांवों की बस्तियों में भी पानी खड़ा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की ओर से कोई प्रयास नहीं किए जा रहे। यहां बता दें कि आर्य नगर आदमपुर से विधायक चंद्रप्रकाश का पैतृक गांव है। आर्य नगर नलवा विधानसभा क्षेत्र का गांव है और रणधीर पनिहार यहां से विधायक है। ऐसे में तीन विधायकों से जुड़े इस गांव में पिछले दस दिन से सड़कों, स्कूलों, बिजली घर, लोगों के मकान, खेत जल में डूबे हुए हैं। लोगों को अपने घर तक पहुंचने के लिए सड़क भी नहीं है। सड़क पर भी पानी भरा हुआ है। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि जिले में हुए भारी बरसात तथा ड्रेन टूटने के कारण से विभिन्न क्षेत्रों में हुए जलभराव के मद्देनजर प्रभावित लोगों की मदद करते हुए स्थिति का आकलन किया जा रहा है। जिले के कई क्षेत्रों में फसल बर्बाद हुई है। अधिकारियों व कर्मचारियों की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों में लगी हुई हैं। प्रभावित लोगों को भोजन, स्वच्छ पानी, दवाइयां और अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की जा रही है।*

**जिला प्रशासन ने आपात स्थिति में तुरंत मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर 01662-231137 जारी किया**





**हिसार।** प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करते और अधिकारियों को दिशा निर्देश देते उपायुक्त अनीश यादव व ड्रेन का जायजा लेने पहुंचे डीसी अनीश यादव व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### गांव लितानी में जलभराव के कारण बुरे हाल

जिले के गांव लितानी में जलभराव के कारण बुरे हाल है। खेतों में खड़ी फसल तबाह हो चुकी है। एक सप्ताह से अधिक समय से खेतों के साथ-साथ लोगों के घरों में बरसाती पानी खड़ा है। गांव की ढाणियां तो पूरी तरह से डूबी चुकी है। जलभराव के कारण ग्रामीणों लगातार सुरक्षित ठिकानों पर पलायन करने को मजबूर है। गांव में बाढ़ जैसे हालात होने के कारण लोगों की दिनचर्या बेपटरी हो चुकी है। लोग घरों में कैद हो चुके हैं। खेत में जलभराव के कारण पशुओं के लिए हरे चरे का भी संकट खड़ा हो गया है।

### लाडवा तथा दाहिमा के बीच टूटी ड्रेन

उपायुक्त अनीश यादव ने मंगलवार को जिले के गांव आर्यनगर में जलभराव निकासी प्रबंधों व लाडवा तथा दाहिमा के बीच टूटी हुई ड्रेन का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि लगभग 250 मनरेगा श्रमिक ड्रेन को ठीक करने में लगे हुए हैं। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि तुरंत प्रभाव से अतिरिक्त लेबर लगाकर ड्रेन को सही किया जाए।



**हिसार।** गांव आर्य नगर में जाम खुलवाने की अपील करते पुलिस अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला

### 45 हजार 437 किसानों ने करवाया पंजीकरण

*प्रभावित क्षेत्रों में किसानों की फसल खराबे के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है। इस पोर्टल के माध्यम से किसान अपनी फसल को हुए नुकसान का पंजीकरण कर क्षतिपूर्ति का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। प्रभावित किसान 15 सितंबर तक पोर्टल पर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। अब तक जिले के 276 गांवों के 45 हजार 437 किसानों द्वारा लगभग 2 लाख 85 हजार 702 एकड़ भूमि में फसल नुकसान का पंजीकरण किया जा चुका है।*

## पार्षद प्रतिनिधि संदीप को मिली जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भेरिया सब माइनर का ताला तोड़कर पानी छोड़ने के आरोप में गिरफ्तार किए गए जिला पार्षद प्रतिनिधि एवं किसान नेता संदीप धीरणवास को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें जमानत मिल गई।

बता दें कि सोमवार पार्षद प्रतिनिधि संदीप धीरणवास एडीसी कार्यालय में पार्षदों की बैठक में हिस्सा लेने के बाद वापस आ रहे थे तो पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। उनकी गिरफ्तारी के विरोध में किसान संगठनों ने आजाद नगर थाना में धरने देते हुए संदीप की रिहाई की मांग की थी।



**हिसार।** मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते संयुक्त किसान मोर्चा के नेता।

### गिरफ्तारी के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा ने दिया धरना

किसान नेता एवं पार्षद प्रतिनिधि संदीप धीरणवास की गिरफ्तारी के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा ने मंगलवार को लघु सचिवालय पर धरना दिया। धरना की अध्यक्षता शमशेर नम्बरदार ने की तथा संचालन अभय राम फौजी ने किया। धरने को सरदार हर्षदीप गिल, सुबे सिंह बूरा, कुलदीप बुड़ाक, दशरथ मलिक, मनोज सोनी, सुखबीर न्योली, नसीब, पार्षद अनिल, रमेश मिरकां व डॉ. करतार सिवाच ने संबोधित किया। धरने को संबोधित करते हुए शमशेर नम्बरदार ने कहा कि सरकार राहत देने की बजाय किसान नेता पर झूठे मुकदमा दर्ज करवा रही है। सरकार संवेदनहीन बनी हुई है। धरने के दौरान कृषि अधिकारी को 16 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

## नशा तस्करी के दो दोषियों को 10-10 साल कैद की सजा

**हिसार।** अदालत ने नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले में दोषी करार आदमपुर के खारा बरवाला निवासी सुशील और आदमपुर की ही ऑटो मार्किट निवासी सरोज को 10-10 साल की कैद तथा 1-1 लाख रुपये का जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं भरने पर दोषियों को 6-6 माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। बता दें कि अदालत ने दोनों को 5 सितंबर को दोषी करार दिया था। अदालत में चले अभियोग के अनुसार पुलिस ने 31 मार्च 2025 में नशा तस्करी के आरोप में केस दर्ज किया था। घटना वाले दिन सदर थाना पुलिस ने बगला मोड़ पर नाका लगाया हुआ था। इस दौरान पुलिस ने आदमपुर के खारा बरवाला निवासी सुशील और आदमपुर की ही ऑटो मार्केट निवासी सरोज हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली। तलाशी में सुशील के बैग से 400 ग्राम और सरोज के पर्स से 100 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ था। तब पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था।

**कोर्ट ने ये भी कहा**

# भाजपा नेता की दुकान में घुसकर कारिंदे के साथ की मारपीट

*मिक्सर मशीन के किराए के रुपयों को लेकर हुआ था विवाद*

- दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई कारिंदे के साथ की गई मारपीट की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

सिसाय पुल के समीप भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष अक्षय शर्मा की दुकान पर मंगलवार को सात-आठ हमलावरों ने दुकान में काम कर रहे कारिंदे पर हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।

हमलावरों ने अक्षय शर्मा के कारिंदे सिसाय पुल निवासी 26 वर्षीय प्रमोद को लोहे की रॉड व लाठी-डंडों से बुरी तरह पिटाई कर डाली पिटाई से प्रमोद गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल प्रमोद को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नागरिक अस्पताल में मौजूद भाजपा नेता अक्षय शर्मा ने बताया कि उसकी सिसाय पुल पर शटरिंग की दुकान है और प्रमोद कई सालों से उसकी दुकान पर काम करता है। उन्होंने बताया कि पूरा विवाद मिक्सर मशीन किराए पर देने को लेकर हुआ। उन्होंने बताया कि उन्होंने कुलाना गांव निवासी शमशेर ठेकेदार को मिक्सर मशीन और शैटरिंग का सामान किराए पर दे रखी था, जिसका करीब 23,900 का बिल बन गया था। उन्होंने बताया कि शमशेर ठेकेदार न तो मशीन का किराया दे रहा है न ही उनकी मशीन लौटा रहा था।



**हांसी।** उपचाराधीन घायल प्रमोद

### वारदात सीसीटीवी में कैद

*अक्षय ने बताया कि उसके बाद मंगलवार को अचानक सात-आठ युवक उसकी दुकान पर पहुंचे और मुझे ढूंढने लगे। लेकिन उस समय मैं वहां मौजूद नहीं था, तो उन्होंने दुकान में रखे लोहे रुंबे व लकड़ी के बिंडो से मेरे कारिंदे प्रमोद पर हमला कर उसे घायल कर दिया। यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अक्षय शर्मा ने हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।*

ग्रामीणों ने जताया पुलिस का आभार

## गांव बुडाना के डबल मर्डर में साजिशकर्ता गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

गांव बुडाना में करीब नौ महीने पहले डबल मर्डर कांड हो गया था। इस कांड के मुख्य साजिशकर्ता को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इसी को लेकर गांव बुडाना के मंदिर के प्रांगण में ग्रामीणों ने पंचायत का आयोजन कर पुलिस प्रशासन का आभार जताया। बता दें कि गांव बुडाना में पिछले वर्ष 5 नवंबर को जयबीर सिंह व 16 नवंबर को बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी गई थी। पुलिस में कार्रवाई करते हुए इस मामले में गांव के ही एक नाबालिग समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल में भेज दिया। इस कांड में शामिल आरोपित के माता पिता को भी जेल जाना पड़ा। ग्रामीण रिटायर्ड डिप्टी डायरेक्टर जयबीर ढांडा, युवा नेता संदीप भारती ने बताया कि नारनौंद पुलिस से इस जांच को एसआईटी को सौंप दिया था। उसके बाद भी ग्रामीण जांच से संतुष्ट नहीं हुए तो क्राइम ब्रांच को पूरा मामला सौंप दिया गया था। क्राइम ब्रांच इस मामले की परतें खोली तो बहुत चौंकाने वाले खुलासे हुए थे। उसके बाद सबूत के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ग्रामीणों द्वारा बताए जा रहे मुख्य साजिशकर्ता राजेश पर भी मामला दर्ज कर लिया।

*क्राइम ब्रांच इस मामले की परतें खोली तो बहुत चौंकाने वाले खुलासे हुए थे।*

### स्कॉर्पियो सवार 792 ग्राम अफीम समेत काबू

**हिसार।** पुलिस की एबीवीटी टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने उकलाना-बिठमड़ा रोड पर नाकाबंदी कर स्कॉर्पियो सवार एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 792 ग्राम अफीम बरामद की है। टीम प्रभारी उप निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान टीम को सूचना मिली कि स्कॉर्पियो गाड़ी में दो व्यक्ति नशीला पदार्थ लेकर जा रहे हैं।

सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नाकाबंदी की। कुछ समय बाद उकलाना मंडी की ओर से आती एक स्कॉर्पियो गाड़ी को रुकवाया गया। पुलिस को देखकर गाड़ी का ड्राइवर मौके पर काबू कर लिया गया, जबकि साथ बैठा दूसरा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों में फरार हो गया। काबू किए गए व्यक्ति की पहचान चमारखेड़ा निवासी सोनू कुमार के रूप में हुई है। फरार व्यक्ति की पहचान बैजलपुर निवासी मेवा सिंह के रूप में हुई।

इंटरेक्शन मीट शिक्षा और संस्कृति के आदान-प्रदान में सहायक

# विदेशी छात्रों के लिए विश्वविद्यालय शिक्षा और अनुसंधान का बड़ा प्लेटफार्मः प्रो. बी काम्बोज

### हकृवि में विदेशी छात्रों के लिए इंटरेक्शन मीट आयोजित

*विश्वविद्यालय को शिक्षा और अनुसंधान का एक बड़ा प्लेटफार्म बताते हुए उन्होंने कहा कि इंटरेक्शन मीट शिक्षा और संस्कृति के आदान-प्रदान में भी सहायक सिद्ध होते हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले विदेशी विद्यार्थियों के साथ इंटरेक्शन मीट कार्यक्रम आयोजित किया गया। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में आयोजित की गई इंटरेक्शन मीट में कुलपति प्रो.बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विदेशी छात्रों के लिए भारतीय शिक्षा प्रणाली शैक्षणिक उत्कृष्टता, ज्ञान की विविधता, वैश्विक मानसिकता, भाषा कौशल और अंतर-सांस्कृतिक क्षमता, व्यक्तित्व विकास और स्वतंत्रता तथा अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का निर्माण करती है। विश्वविद्यालय को शिक्षा और अनुसंधान का एक बड़ा प्लेटफार्म बताते हुए उन्होंने कहा कि इंटरेक्शन मीट शिक्षा और संस्कृति के आदान-प्रदान में भी सहायक सिद्ध होते हैं। हकृवि में अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध हैं, इसलिए विदेशी छात्र यहां पढ़ने के लिए आ रहे हैं। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार ने इंटरेक्शन मीट में सभी का स्वागत किया। विद्यार्थियों ने इंटरेक्शन मीट के दौरान अपने-अपने देश के पारंपरिक परिधानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिनमें जिम्बाब्वे के एंडरसन इसाक ने गीत, नाइजीरिया के अबुबकर ने कविता, म्यांमार के छात्रों द्वारा पारंपरिक समूह नृत्य फ्यो पा पा क्याव, मायो पा पा ऊ, फू पेंट व नाइजीरिया के मुहम्मद सानी गम्बो ने भाषण दिया। पुस्तकाल्याध्यक्ष डॉ. राजीव पटेरिया, एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. सुशील लेगा व एसोसिएट डीन डॉ. विजया रानी ने अपने-अपने विभागों के बारे में जानकारी दी। डॉ. आशा क्वात्रा ने इंटरनेशनल सेल के बारे मे विस्तृत जानकारी दी।



हिसार। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज विदेशी छात्रों के साथ।



# बैटल ऑफ गलवां सेट से सलमान ने शेयर की तस्वीर

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बैटल ऑफ गलवां की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में एक्टर ने अपने सोशल मीडिया पर 'बैटल ऑफ गलवां' सेट से एक तस्वीर साझा की है, जो इंटरनेट पर आते ही छा गई है। नेटिजंस इसे बेहद पसंद कर रहे हैं और प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें वो अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' की शूटिंग करते दिख रहे हैं। साझा की गई तस्वीर में अभिनेता के माथे से खून बहता दिख रहा है और वो वर्दी पहने नजर आ रहे हैं। साथ ही सलमान के सामने एक्शन के लिए क्लैपरबोर्ड लगा हुआ दिख रहा है।

## लाइफ Style


# रश्मिका

## देवराकोंडा संग गुपचुप कर ली सगाई!

रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा के इश्क के चर्चे काफी लंबे समय से हैं, पर दोनों ने आज तक अपना रिलेशनशिप खुलकर कन्फर्म नहीं किया है। हालांकि, रश्मिका और विजय को कई बार साथ में देखा गया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वेकेशन की तस्वीरों से भी बहुत बार हिंट मिला कि रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। लेकिन, अब चर्चा हो रही है कि दोनों ने सगाई कर ली है। क्या वाकई ऐसा है? रश्मिका मंदाना हाल ही साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवाड्र्स में शामिल होने के लिए दुबई पहुंचीं। वहां उन्होंने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। हालांकि, रश्मिका की खूबसूरती से ज्यादा चर्चा हीरे की अंगूठी की रही। दरअसल, जब रश्मिका मिलान रवाना होने के लिए एयरपोर्ट पहुंचीं, तो उन्होंने उंगली में एक खूबसूरत हीरे की अंगूठी पहनी हुई थी। उसी को देख कयास लगाए जाने लगे कि रश्मिका ने सगाई कर ली है। इसका वीडियो भी सामने आया, जिसे देख यूजर्स सवाल करने लगे। वहीं, कुछ ने एक्ट्रेस को बधाई देनी भी शुरू कर दी। एक यूजर ने वीडियो देख कमेंट लिखा, 'कोई देवराकोंडा का भी हाथ चेक कर लो।' एक ने लिखा, 'बधाई हो, फाइनली।' वहीं, फैंस ने रश्मिका से कहा कि वो सच बता दें। बेशक, रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा के अफेयर की खबरें काफी समय से हैं, पर इन्हें तब और बल मिला, जब दोनों अगस्त 2025 में न्यूयॉर्क में एक इंडिया डे परेड में एक-दूसरे का हाथ पकड़े देखे गए।



## हॉलीवुड मसाला



# ब्रेकफास्ट इन... रहा चर्चित एल्बम

**लॉस एंजिल्स।** कैंसर से लंबी जंग के बाद रिक डेविस ने दुनिया को अलविदा कह दिया। 81 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। साल 2015 में उन्हें मल्टीपल मायलोमा नाम की बीमारी का पता चला था। रिक डेविस ब्रिटिश बैंड सुपरट्रैम्प के को- फाउंडर रहे, इनके रॉक म्यूजिक बैंड ने 'ब्रेकफास्ट इन अमेरिका' नाम एल्बम निकाला था, जो म्यूजिक चार्ट में अपने समय में टॉप पर रहा। इसके अलावा रिक डेविस ने 'गुडबाय स्ट्रेंजर' और 'ब्लडी वेल राइट' जैसे हिट गाने लिखे और गाए।



# द स्टूडियो ने झटकी 9 ट्रॉफी द पेंगुइन ने भी मारी बाजी

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स में 2025 क्रिएटिव आर्ट्स एमी अवाड्र्स की पहली रात आयोजित हुई। इसमें 9 ट्रॉफियों के साथ एप्पल टीवी प्लस का 'द स्टूडियो' आगे रहा। एचबीओ के क्राइम ड्रामा'द पेंगुइन ने 8 अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। वहीं, एप्पल टीवी प्लस के सेवरेंस ने 6 अवॉर्ड जीते हैं। इसमें नैरेटिव कंटेपररी प्रोग्राम के लिए प्रोडक्शन डिजाइन का अवॉर्ड भी शामिल है। दूसरी तरफ नेटफ्लिक्स के आर्केन' ने भी बाजी मारी और 4 अवॉर्ड झटके, जिसमें एक एनिमेटेड प्रोग्राम शामिल है। ब्रायन क्रैन्स्टन (द स्टूडियो), शॉन हैटोसी (द पिट) और जूलियन निकोलसन (हैक्स) उन सितारों में शामिल थे, जिन्हें पीकॉक थिएटर में विनर अनाउंस किया गया।



# दिलबरो सिर्फ एक गाना नहीं, एहसास है...

**मुंबई।** 2018 में रिलीज हुई फिल्म राजी का विदाई गीत 'दिलबरो' आज भी हर शादी की विदाई को भावुक कर देता है। यह गाना केवल एक फिल्मी सीक्वेंस नहीं था, बल्कि एक असली रिश्ते की कसक से बुना हुआ पल था। इस गाने में आलिया भट्ट और उनकी असली मां सोनी राजदान नजर आईं, जहां मां अपनी बेटी को विदा कर रही थीं। 'दिलबरो' सिर्फ एक गाना नहीं, एक एहसास है, हर उस बेटी का जो अपने पिता की उंगली थामकर पली-बढ़ी और एक दिन उनके आंसुओं के साए में विदा हो गई। गीत में दिखाया गया सीन हर उस पिता की बेबसी को सामने लाता है, जो बेटी को पलकें झपकते ही पराई कर देता है। विदाई के समय आंखों में उमड़ते आंसू, हाथों में बेटी का हाथ और सीने में उठता तूफान 'दिलबरो' ने इस दर्द को बिना किसी बनावट के बड़े परदे पर जिंदा कर दिया।



# बीच गाने में जोड़ दिया ट्रंप का नाम...

**मुंबई।** सिंगर-रैपर बादशाह इन दिनों यूएसए के अपने 'अनफिनिश्ड यूएसए टूर' पर हैं, जहां वो उत्तरी अमेरिका में धूम मचा रहे हैं। अपने गानों और रैप से बादशाह अपने कॉन्सर्ट में लोगों को झूमने पर मजबूर कर रहे हैं। इस बीच न्यू जर्सी के हालिया शो में बादशाह ने कुछ ऐसा किया जो अब वायरल हो रहा है। दरअसल, गाने के बीच बादशाह ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जिक्र कर दिया। इससे वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह गए और श्रोता तालियां बजाने लगे। बादशाह कॉन्सर्ट के दौरान फिल्म 'वीरे दी वेडिंग' का हिट सॉन्ग 'तारीफां' गा रहे थे। इसी दौरान बादशाह ने अचानक गाने की एक लाइन में कुछ बदलाव कर दिया और डोनाल्ड ट्रंप का नाम उसमें जोड़ दिया। पहले गाने की असली लाइन 'किन्नियां तारीफां चाहिदी ऐ तेनु जिसका अर्थ है कि तुम्हें कितनी तारीफें चाहिए गा रहे थे।

## टीवी मसाला



# ठाठ-बाट दिखाने वाली तान्या मित्तल ने खोला घर का सच

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' इन दिनों सुर्खियों में है। जिसे सलमान खान होस्ट कर रहे हैं। शो की कंटेस्टेंट तान्या मित्तल ने पहली बार अपनी जिंदगी के डार्क साइड के बारे में बताया है। जो तान्या अभी तक चकाचौंध की जिंदगी के बारे में बताती आई हैं। उन्होंने बड़ा खुलासा किया कि वह बचपन में पिता की मार पिटाई झेल चुकी हैं। उनके पिता तो उनकी शादी कर देना चाहती थीं। मगर वह घर से अपने सपनों के लिए लड़ी थीं। तान्या मित्तल ने बताया कि बचपन में उनके पिता उन्हें मारते थे। जिससे वह आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगी थीं। कुछ दिन पहले बिग बॉस हाउस में कुनिका सदानंद और तान्या मित्तल के बीच झगड़ा हुआ था। जिसमें तान्या ने कुनिका को काफी भला-बुरा कहा। इसके बाद तान्या की लोगों ने काफी आलोचना भी की। अब कुनिका सदानंद ने एक टास्क के दौरान तान्या मित्तल की मां पर निशाना साधा और उनकी परवरिश पर सवाल उठाए। तान्या अपनी मां का अपमान सहन नहीं कर सकीं और फूट-फूट कर रोने लगीं। रोते हुए तान्या ने कहा- मेरी मां को किसी बहस में घसीटना सही नहीं है। उन्होंने मेरे लिए बहुत कुछ सहा है। मेरे पिता मुझे मारने के लिए दौड़ पड़ते थे और मेरी मां मुझे बचा लेती थीं। आज मैं जिस मुकाम पर हूं। वहां तक पहुंचना मेरे लिए आसान नहीं था।

## 7.50 लाख के सवाल पर ऑडियंस भी हुई फेल

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के एक एपिसोड की शुरुआत कंटेस्टेंट अभिषेक के साथ हुई, जो ग्रेजुएशन कर रहे हैं। वे आईएएस अफसर बनना चाहते हैं। वे अपने मां-बाप के साथ एक कमरे में रहते हैं, इसलिए उनका सपना परिवार के लिए एक ड्रीम होम खरीदना है।



कंटेस्टेंट की मां ने बताया कि वे डिस्ट्रिक्ट टॉपर रहे हैं। अमिताभ बच्चन को भी उनका नाम लेने पर खुशी हो रही थी, क्योंकि उनके बेटे का नाम भी अभिषेक (बच्चन) है। अभिषेक ने शुरुआत में अच्छा खेल दिखाया, लेकिन उन्हें 50 हजार रुपए के सवाल पर पहली लाइफ लाइन संकेत सूचक का इस्तेमाल करना पड़ गया। उन्होंने 1 लाख के सवाल पर दूसरी लाइफ लाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल करके सही जवाब दिया, हालांकि उन्होंने 2 लाख रुपए के 8वें प्रश्न का जवाब बिना किसी लाइफ लाइन के दिया, जो सही निकला। अभिषेक ने 3 लाख रुपए के सवाल पर तीसरी लाइफ लाइन '50 50' इस्तेमाल की और 5 लाख रुपए 10वें सवाल पर पहुंचे। उन्होंने अगले पड़ाव में सुपर संदूक के 6 सवालों का सही जवाब देकर अपनी लाइफलाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया. 7.50 लाख रुपए के 11वें सवाल पर अभिषेक ने ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया, जो गलत साबित हुआ।

# सनी संस्कारी की तुलसी के नए होली सॉन्ग पनवाड़ी की दिखी झलक

**मुंबई।** जान्हवी कपूर और वरुण धवन की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' दशहरा के अवसर पर 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को निर्माताओं ने फिल्म के गाने 'पनवाड़ी' की एक खास झलक का मोशन पोस्टर शेयर किया है। जिसमें होली के रंग नजर आ रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शन ने आज इंस्टाग्राम पर फिल्म के नए गाने 'पनवाड़ी' की खास झलक शेयर की। इस मोशन पोस्टर में जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित श्रॉफ और वरुण धवन होली के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं। इस शानदार मोशन पोस्टर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'इस त्यौहारी सीजन में, हम आपके लिए रंगों से सराबोर कुछ मजेदार चीजें लेकर आ रहे हैं। पनवाड़ी गाना 10 सितंबर, इस बुधवार को रिलीज होगा।' फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में हिंदी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म का लेखन और निर्देशन शशांक खेतान ने किया है। इस फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शंस और मेंटर डिसाइपल फिल्म ने मिलकर किया है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी इस दशहरा 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# कभी रिलीज नहीं हुई अमिताभ की यह फिल्म फाइनल हो गई थी रेखा के साथ जोड़ी

**मुंबई।** एक वक्त था जब अमिताभ बच्चन का किसी फिल्म पर हाथ रख देना उसके हिट होने की गारंटी माना जाता था। बॉलीवुड के एंग्री यंग मैन ने लगभग हर तरह के किरदार किए और आज तक भारतीय सिनेमा जगत में सक्रिय हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि उनकी एक फिल्म ऐसी भी थी, जो बनी तो सही, लेकिन ना कभी एडिट हुई और ना ही सिनेमघरों में रिलीज हुई। बावजूद इसके कि इसका टाइटल अमिताभ की छवि से काफी हद तक मेल खाता था।



***स्टार कास्ट हो चुकी थी फाइनल*** : अमिताभ बच्चन के साथ रेखा, महमूद, मदनपुरी और राकेश रोशन को कास्ट करके उस दौर के कामयाब एक्टर-डायरेक्टर महमूद ने एक फिल्म बनाने का फैसला किया। इस फिल्म का टाइटल सोचा गया - लंबू दादा। अमिताभ बच्चन फिल्म में लीड रोल प्ले करने वाले थे और उनके किरदार को थोड़ा टपोरी फील दिया गया था। महमूद के साथ अमिताभ इससे पहले 'बॉम्बे टू गोवा' बना चुके थे और वह फिल्म हिट रही थी।

### क्यों रिलीज नहीं हो सकी फिल्म

ऐसे में अमिताभ बच्चन समेत बाकी एक्टर्स को भी पूरा भरोसा था कि लंबू दादा भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर जाएगी। साल 1978 में यह फिल्म अनाउंस हुई और मेकर्स के साथ-साथ क्रू और दर्शक भी इस मूवी के लिए काफी एक्साइटेड थे। लेकिन, यह फिल्म कभी रिलीज ही नहीं हुई। अगर यह फिल्म बनती तो शायद अमिताभ के कॅरियर में एक और नई उपलब्धि जुड़ जाती। दरअसल, यह फिल्म 2 स्टेज में बनाई गई। पहले जब इस पर काम शुरू हुआ और सारी चीजें फाइनल की जा चुकी थी। तब यह फिल्म टाल दी गई।

### पूरी तरह बदलकर रिलीज हुई

क्योंकि टाइटल काफी दिलचस्प था तो करीब 10 साल बाद इसे दोबारा शुरू किया गया। इस बार फिल्म के निर्देशक से लेकर प्रोड्यूसर और स्टार कास्ट तक सब कुछ बदल दिया गया। कहानी में भी काफी बदलाव किए गए। कहा जा सकता है कि एक तरह से पूरी फिल्म ही नई बनाई गई, सिर्फ टाइटल पुराना रखा गया। नई कहानी में कबीर बेदी और माधवी थे, और यह एक छोटे बच्चे और एक क्रिमिनल के कनेक्शन की कहानी थी। नया वर्जन रिलीज़ हुआ, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर चला नहीं।

## अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम भी नहीं

# टॉप 10 स्टार्स की लिस्ट से गायब शाहरुख, ऋतिक को रणवीर ने पछाड़ा

*मुंबई। बॉलीवुड के टॉप 10 एक्टर्स की लिस्ट में शाहरुख खान, अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम कहीं नहीं है। वहीं, एक एक्टर ऐसा है जिसमें ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और रणवीर सिंह जैसे एक्टर्स को धूल चटा दी है।*

***ऋतिक रोशन*** : *इंडिया फोरम ने टॉप 10 बॉलीवुड एक्टर्स की लिस्ट जारी कर दी है। एक से लेकर 8 सितंबर तक के डाटा के आधार पर यह लिस्ट बनाई गई है और इसमें 10वीं पोजिशन मिली है ऋतिक रोशन को।*

***प्रियंका चोपड़ा*** : *बीते काफी वक्त से हॉलीवुड फिल्में और टीवी शोज कर रहीं प्रियंका चोपड़ा ने अभी तक भारतीय दर्शकों के दिलों में जगह बनाई हुई है। टॉप 10 की लिस्ट में उन्हें 9वीं जगह मिली है।*

***शिल्पा शेट्टी*** : *शिल्पा शेट्टी कुंद्रा भले ही फिल्मों में जगह ना मिल रही हो, लेकिन दर्शकों ने अभी तक उन्हें अपने दिल में जगह जरूर दी हुई है। लिस्ट में शिल्पा को 8वीं पोजिशन मिली हुई है।*

***आलिया भट्ट*** : *टॉप 10 की इस लिस्ट में 7वें नंबर पर हैं आलिया भट्ट। आने वाले वक्त में आलिया भट्ट की कई फिल्में आने वाली हैं जिनमें ब्रह्मास्त्र का पार्ट-2 भी शामिल है।*

***रणबीर कपूर*** : *बैक-टू-बैक कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुके रणबीर कपूर को लिस्ट में नंबर 6 पोजिशन मिली है। खबर है कि रणबीर कपूर की फीस भी बीते कुछ महीनों में काफी बढ़ गई है।*







***रणवीर सिंह*** : *रणबीर कपूर को इस लिस्ट में पटखनी देने का काम किया है एक्टर रणवीर सिंह ने। रणवीर लिस्ट में नंबर 5 पर हैं। धुरंधर मूवी को लेकर रणवीर सिंह चर्चा में हैं, इस फिल्म में धमाकेदार एक्शन होगा और उनके साथ नजर आएंगे संजय दत्त।*

***दीपिका पादुकोण*** : *शाहरुख खान के साथ फिर एक बार बड़े पर्दे पर नजर आने जा रहीं दीपिका पादुकोण को लिस्ट में चौथी पोजिशन मिली है। मालूम हो कि किंग मूवी में दीपिका फीमेल लीड रोल करती नजर आएंगी।*

***सिद्धार्थ मल्होत्रा*** : *रणवीर सिंह, रणबीर कपूर, ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण जैसे स्टार्स को पछाड़ते हुए सिद्धार्थ मल्होत्रा ने इस लिस्ट में तीसरी पोजिशन हासिल कर ली है।*

***कटरीना कैफ*** : *फिल्मों में भले ही नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन विकी कौशल की पत्नी और बॉलीवुड की स्टार एक्ट्रेस कटरीना कैफ आज भी टॉप 10 की लिस्ट में नंबर 2 पर काबिज हैं।*

***सलमान खान*** : *बात करें टॉप 10 की लिस्ट में पहले पायदान पर काबिज सुपरस्टार की तो यह क्राउन मिला है सलमान खान को। बिग बॉस 19 और गलवान फिल्म की वजह से चर्चा में रहे सलमान लिस्ट में पहले नंबर पर रहे हैं। शाहरुख खान को लिस्ट में 13वीं, विकी कौशल को 15वीं और अक्षय कुमार को 18वीं पोजिशन मिली है।*

## खबर संक्षेप

### मथुरा-वृंदावन पारिवारिक बस यात्रा 12 को

**आदमपुर।** आदमपुर, हिसार व आसपास के भक्तों के लिए शुक्रवार 12 सितंबर से चार दिवसीय मथुरा-वृंदावन पारिवारिक बस यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए श्री खाटू श्याम सालासर बालाजी सेवा समिति के अध्यक्ष अमित गोयल व मुकेश गोयल ने बताया कि यात्रा में श्रद्धालु मथुरा व वृंदावन के मंदिरों के अलावा गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव व कोकिलावन में शनि मंदिर के दर्शन करेंगे।

### समस्याओं को किसान सभा ने किया तहसील का घेराव

**आदमपुर।** अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी आदमपुर ने तहसील प्रधान कपूर सिंह बगला के नेतृत्व में मंगलवार को प्रदर्शन करते हुए आदमपुर तहसील का घेराव किया। मांग थी कि किसानों की फसल 100 प्रतिशत बर्बाद हो चुकी है इसलिए सरकार तुरंत प्रभाव से प्रत्येक किसान को 50 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा व बीमा बिना समय गवाए जारी करें।

### उकलाना तहसील में किसान सभा ने दिया धरना

**उकलाना।** अखिल भारतीय किसान सभा उकलाना तहसील कमेटी द्वारा तहसील कार्यालय पर अपनी मांगों को लेकर धरना दिया व प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता तहसील के प्रधान मास्टर फूल सिंह कुंडू ने की तथा मंच संचालन तहसील सचिव प्रदीप कुमार बूरा व मियां सिंह बिठमडा ने संयुक्त रूप से किया। धरने को अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य के नेता मास्टर चाँद व डॉ रामचंद्र दनोदा ने संबोधित किया।

### साक्षरता दिवस पर छात्रों को किया जागरूक

**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में पीएम श्री राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव मोडा खेड़ा में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य जगदीश चंद्र ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सीजेएम अशोक कुमार ने शिरकत की। सीजेएम अशोक कुमार ने विद्यार्थियों को साक्षरता के महत्व के साथ-साथ नशा मुक्ति और विधिक सेवाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर आदमपुर खंड शिक्षा अधिकारी ईश्वर सिंह, संदीप सिंधु, करीना, अभिषेक खंडवाला, श्रवण कुमार, राजेश कुमार, जगदीश बेनीवाल, सुमन, आशीष, रविंद्र, दीपक आदि उपस्थित रहे।

### गुजवि के विद्यार्थियों ने किया मेट्रो फ्यूल्स इंटर्नशिप कोर्स

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के रसायन विज्ञान विभाग के इंटीग्रेटेड बीएससी ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च-एमएससी केमिस्ट्री के चतुर्थ सेमेस्टर के 14 विद्यार्थियों ने मेट्रो फ्यूल्स प्लांट गांव चौधरीवास से इंटर्नशिप कोर्स किया। विद्यार्थियों ने इंटर्नशिप कोर्स पूरा होने के पश्चात विवि. के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई से मुलाकात की, जिसमें विद्यार्थियों ने कुलपति से इंटर्नशिप कोर्स के अनुभव सांझा किए।

### सल्फास की गोली खाने वाले प्रॉपर्टी डीलर की मौत

**हिसार।** फतेहाबाद जिला के गांव धारनिया निवासी प्रॉपर्टी डीलर हर्ष ने गत 6 सितंबर को मुकलान-कालवास मार्ग पर सल्फास का सेवन कर लिया। उसे गंभीर हालत में शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मंगलवार सुबह उसने दमतोड़ दिया।

### नेत्र जांच शिविर का 335 लोगों ने उठाया लाभ

**हिसार।** दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा दो स्थानों पर निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। कैमरी रोड स्थित मोक्ष वृद्धाश्रम और फतेहाबाद के गांव चिंदड़ में लगाए गए शिविर में अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों ने निशुल्क नेत्र जांच की और यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क प्रदान की गई। मोक्ष वृद्धाश्रम में 55 व चिंदड़ में 280 लोगों ने आंखों की जांच करवाई। नेत्र जांच के दौरान मोक्ष वृद्धाश्रम में 12 बुजुर्गों और चिंदड़ में 17 बुजुर्गों की आंखों में सफेद मोतियाबिंद की शिकायत मिली। 29 बुजुर्गों की आंखों का ऑपरेशन निशुल्क किया जाएगा।

---

### गोमाता हमारी सांस्कृतिक धरोहर : डॉ.कृष्ण कुमार

# नारनौंद क्षेत्र की पांच गोशालाओं को 2.21 करोड़ की राशि के चेक सौंपे

■ पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के आह्वान पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

भाजपा सरकार प्रदेश की गोशाला का स्वरूप बदलने का काम कर रही है। इसी कड़ी में नारनौंद हलके में एक कार्यक्रम का आयोजन कर गोमाता की देखभाल के लिए पांच गांव की गोशालाओं को दो करोड़ 21 लाख की राशि प्रदान की। जिसमें प्रमुख रूप से डाटा, गुराना, मिर्चपुर, कापडो और नारनौंद की गोशालाएं शामिल हैं।

इस कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के आह्वान पर किया गया। इसमें नारनौंद हलका प्रभारी एवं बावल से विधायक डॉ.कृष्ण कुमार और हिसार जिला परिषद के चेयरमैन सोनू सिहाग डाटा ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और अनुदान राशि का चेक गोशाला की कमेटी को सौंपा गया। इस अवसर पर विधायक कृष्ण कुमार ने कहा कि गोमाता हमारी संस्कृति की धरोहर हैं। उनकी सेवा करना हमारा धर्म है।



नारनौंद। नारनौंद गोशाला की कमेटी को चैक सौंपते हुए विधायक कृष्ण कुमार व चेयरमैन सोनू डाटा।

हमें हर संभव प्रयास करना चाहिए कि उनकी देखभाल सही तरीके से हो सके। जब हमारी गोमाता का सम्मान सही तरीके से होगा उसे दिन हमारा देश सोने की चिड़िया कहलाएगा। चेयरमैन सोनू डाटा ने बताया कि डाटा गोशाला को एक करोड़ 47 लाख 86 हजार रुपये, गुराना को 21 लाख 84 हजार, मिर्चपुर को 20 लाख 55 हजार, कापडो को 16 लाख 30 हजार और नारनौंद गोशाला को 14 लाख 36 हजार रुपये का चेक सौंपा गया। इस अवसर पर गांव डाटा के सरपंच प्रतिनिधि सतपाल शर्मा, मंडल अध्यक्ष कर्णपाल दुहन, महाबीर श्योराण, सुरेश एमसी, सुनील बैरागी, चांदी मान, पूर्व सरपंच सतपाल आदि मौजूद रहे।

---

# दयानन्द कॉलेज के छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली




हिसार। जागरूकता रैली को रवाना करते कॉलेज प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

दयानन्द महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब व यूथ रैडक्रास यूनिट के संयुक्त तत्वावधान में आज एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

प्रतिभागियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर एचआईवी एड्स से बचाव ही उपाय है, सुरक्षा ही समाधान जैसे नारे लगाते हुए जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के रेड रिबन क्लब की संयोजिका डॉ अर्चना मलिक तथा यूथ रेड क्रॉस यूनिट की संयोजिका डॉ सुमंगला वशिष्ठ ने संयुक्त रूप से किया। इस रैली का आयोजन दयानन्द कॉलेज से आर्य नगर तथा ऋषि नगर की तरफ किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज रेड रिबन क्लब की संयोजिका डॉ अर्चना मलिक, यूथ रेड क्रॉस यूनिट की संयोजिका डॉ. सुमंगला वशिष्ठ, डॉ. शर्मिला गुणपाल, डॉ. सुरेंद्र बिश्नोई, तथा अन्य शिक्षक प्रो मनजीत सिंह, प्रो. सुरेश यादव, डॉ. नरेंद्र कुमार तथा अनिल कुमार, संजय, उमेद, जगदीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

---



हांसी। शिक्षक दिवस पर आयोजित समारोह में भाग लेते स्कूल अध्यापक व छात्र।

### शिक्षक समाज की असली धरोहर: प्राचार्य

**हांसी।** श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने कविताओं एवं नृत्य की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने बताया कि उनके जीवन में शिक्षकों का स्थान मार्गदर्शक और प्रेरणा स्रोत का होता है। शिक्षक की सर्वश्रेष्ठ भूमिका अदा करते हुए अंशु ने प्रथम, चिराग ने द्वितीय, खुशी ने तृतीय और जतिन ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य अनिल कुमार ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक ही समाज की असली धरोहर हैं। विद्यालय अध्यक्ष राजपाल यादव, सचिव सत्यवान यादव एवं मुख्याध्यापिका पिंकी यादव ने भी सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी।

---

# आधुनिक युग तकनीकी क्रांति का : प्राचार्य

## प्रेजेंटेशन कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दी प्रभावशाली प्रस्तुति

■ दयानन्द महाविद्यालय में कार्यकम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

दयानन्द महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा विशेष प्रेजेंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अत्याधुनिक तकनीकों पर आधारित विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), मशीन लर्निंग तथा क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे जटिल विषयों पर रोचक एवं सूचनाप्रद पावरपॉइंट प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने किया, जिनका स्वागत कंप्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि आज का युग तकनीकी क्रांति का है और एआई, मशीन लर्निंग तथा क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्र न केवल आज बल्कि आने वाले



हिसार। विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह।

### पावरपॉइंट प्रस्तुति में नव्या ने मारी बाजी

*प्रथम स्थान बीसीए द्वितीय वर्ष की छात्रा नव्या ने और बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र जतिन ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। द्वितीय स्थान अंशुल को मिला, जबकि तृतीय स्थान बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा रिया ने प्राप्त किया। इस अवसर डॉ. कंवलप्रीत, मीनाक्षी, पुष्पा, मनीषा, पूजा, सोनिया, मोनिका, रीतू तथा कनिका आदि मौजूद रहे।*

---

### मनोनीत पार्षदों को दिलवाई शपथ

**बरवाला।** सरकार द्वारा मनोनीत दो पार्षदों भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता पंकज बादल और अनूप सैनी ने लघु सचिवालय परिसर के सभागार में पार्षद पद की शपथ ली। इन दोनों मनोनीत पार्षदों पंकज बादल और अनूप सैनी को नगरपालिका चेयरमेन रमेश बैटरीवाला द्वारा अपने अपने पद व गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई। नगरपालिका चेयरमेन रमेश बैटरीवाला और वाइस चेयरमेन तारा चंद नलवा द्वारा पूरी प्रक्रिया से शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर हांसी भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, युवा नेता संजीव गंगवा, मोनू संदुजा, पवन शर्मा, मुनीश गोयल, देवेंद्र शर्मा देव, प्रवीन सैनी, पार्षद संजय भादड, दिनेश बजाज, राजा मेहता, मीनू शर्मा आदि मौजूद रहे।

---

# रिक्शा चालकों को ट्रैफिक नियमों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए फतेहाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा एक अहम कदम उठाया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशानुसार ट्रैफिक जाम और अन्य यातायात संबंधित समस्याओं को हल करने हेतु रिक्शा चालकों के साथ विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ट्रैफिक पुलिस प्रभारी उप-निरीक्षक जयसिंह ने जिले भर के रिक्शा चालकों को जागरूक किया।



### पुलिस और आमजन में बढ़ेगा विश्वास

चालकों को सडक सुरक्षा, यातायात संकेतों, और नियमों का पालन करने की महत्ता बताई गई। साथ ही यह भी समझाया गया कि वे स्वयं कैसे अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण पाने में पुलिस की मदद कर सकते हैं। यह प्रयास न पुलिस और आमजन के बीच विश्वास और सहयोग को भी मजबूत करेगा।

---

# अवैध कॉलोनियों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

■ अवैध कॉलोनियों के संबंध में टास्क फोर्स की बैठक

लघु सचिवालय स्थित वीसी सभागार में उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मासिक चिन्हित अपराध, एससी/एसटी एक्ट केस समीक्षा, किशन भाई वर्सेस स्टेट ऑफ गुजरात मामले तथा डीटीपी टास्क फोर्स कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ अवैध कॉलोनियों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। गवाहों के होस्टाइल होने के संबंध में पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पोक्सो तथा एससी एसटी एक्ट जैसे मामलों में मुकदमा दर्ज होने के एक माह में चालान देने व अगले एक माह में गवाहों के ब्यान दर्ज करवाने की दिशा में त्वरित कार्रवाई करें। एससी/एसटी और डीटीपी टास्क फोर्स कमेटी की बैठक के दौरान जिला नगर योजनाकार ने बताया कि जिले में अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। बैठक में हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश हरिराम, जिला न्यायवादी दीपक लेघा, जिला नगर योजनाकार आदि मौजूद रहे।

---

### आभूषण और नकदी चोरी के मामले में दो आरोपित दो दबोचे

**हिसार।** थाना अग्रोहा पुलिस ने आभूषण और नकदी चोरी के मामले में दो आरोपियों गांव मीरपुर निवासी अरुण और प्रदीप को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को पूछताछ उपरांत अदालत में पेश किया, जहां उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले में जांचकर्ता मुख्य सिपाही जितेंद्र सिंह ने बताया कि थाना अग्रोहा में गांव मीरपुर निवासी रामजीलाल ने 7-8 सितंबर की रात उसके घर से आभूषण और नकदी चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी।

### नो एंट्री का उल्लंघन करने पर 10 हजार का चालान: डंपर को जब्त

**हांसी।** ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक नियमों की नियमों का उल्लंघन व नो एंट्री क्षेत्र में प्रवेश करने का उल्लंघन करने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रैफिक पुलिस ने एक डंपर का नो एंट्री क्षेत्र में प्रवेश करने डंपर का 10,000 हजार रुपये का चालान कर डंपर को जब्त किया है। उधर, पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने समस्त कमर्शियल व भारी वाहन चालकों, ट्रांसपोर्ट कंपनियों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे नो-एंट्री आदेश का पालन करें तथा सुबह 8 से सांय 8 बजे के दौरान कोई भी भारी डंपर अथवा कमर्शियल वाहन का हांसी शहर में प्रवेश न करें।

---

# अति कुपोषित बच्चों पर विशेष ध्यान दें: एडीसी

■ पोषण माह अभियान को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्घा ने मंगलवार को जिले में चलाए जाने वाले पोषण माह अभियान को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक ली।

उन्होंने सुपरवाईजर व पोषण स्टाफ सदस्यों को पोषण माह अभियान के तहत की जाने वाली गतिविधियों को पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। पोषण माह में कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों का वजन व लंबाई नोट की जाएगी। कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्घा ने बताया कि सितंबर माह को पोषण माह के रुप में मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जिले में विभागीय हिदायतों अनुसार सुपोषित भारत, साक्षर भारत और सशक्त भारत की थीम पर 17 सितंबर से 16 अक्टूबर 2025 तक जिला, ब्लॉक व ग्राम स्तर पर पोषण सम्बंधी गतिविधियां आयोजित करवाई जांएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत सभी स्तरों पर विभिन्न विभाग के अधिकारियों द्वारा गतिविधियों को उत्साह पूर्वक मनाने व ग्राम पंचायतों, शहरी स्थानीय निकायों द्वारा लाभ उठाकर बड़ी सामुदायिक भागीदारी की जाए।



हिसार। बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्घा।

---

### अग्रसेन भवन मे भागवत कथा 14 से

**हिसार।** अग्रसेन भवन में 14 से 20 सितंबर तक पितृ पक्ष श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। खानकिया बंसल कुटुम्ब द्वारा आयोजित इस भागवत कथा में कथावाचक कैमरी आश्रम के स्वामी राजदास महाराज प्रवचन देंगे। कुटुम्ब सदस्य त्रिलोक बंसल ने बताया कि एक सप्ताह तक चलने वाले इस भागवत कथा आयोजन के प्रथम दिन 14 सितम्बर को सुबह बैंड बाजा और घोड़ा बग्गी के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जो स्थानीय लोहा मंडी के शिव मंदिर से चलकर कथा स्थल अग्रसेन भवन पहुंचेंगी।

### महिला कॉलेज में एनएसएस शिविर का आयोजन

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट-1 और यूनिट-2 के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर प्राचार्य डॉ सतबीर सिंह सांगा के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया गया, जिसमें कुल 167 स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्य ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस न केवल सेवा का माध्यम है, बल्कि यह नेतृत्व, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण का प्रशिक्षण भी है। इस अवसर पर रसायनिक विभाग के डॉ. सत्येन्द्र याद्व यूनिट-1 की कार्यक्रम अधिकारी हीना पहूजा और यूनिट-2 की कार्यक्रम अधिकारी सुनीता के नेतृत्व में विविध गतिविधियां संपन्न करवाई गईं।

### प्रशिक्षणार्थियों को दिया जूट उत्पादन का प्रशिक्षण

**हिसार।** पंजाब नैशनल बैंक द्वारा संचालित पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान गंगवा में निशुल्क 14 दिन का बेसिक ऑफ जूट उद्यमी उत्पादन बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्यातिथि छाजू राम शिक्षण कॉलेज की प्राचार्या प्रो. उर्मिला मलिक व पंजाब एंड सिंध बैंक के मैनेजर विपिन ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को वित्तीय साक्षरता एवं मार्केटिंग के महत्व की भी जानकारी प्रदान की। छाजू राम शिक्षण महाविद्यालय के 18 विद्यार्थियों ने भाग लिया। डॉ. मोनिका ने विद्यार्थियों को जूट प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

---

## जेसीआई हांसी के साप्ताहिक कार्यक्रम की शुरुआत

# जेसीआई ने चलाया नशा और पॉलिथीन मुक्ति अभियान
# विद्यार्थियों ने लिया नशे व पॉलिथीन के बहिष्कार का प्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जेसीआई हांसी के साप्ताहिक कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार को राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हांसी में हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को नशा मुक्ति और पॉलिथीन मुक्त समाज के महत्व से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 1200 विद्यार्थियों ने भाग लिया और नशा व पॉलिथीन मुक्ति की शपथ ली।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जेसीआई हांसी के प्रधान सर्वेश सैनी ने कहा कि नशा युवा पीढ़ी की जड़ों को खोखला कर देता है। यदि विद्यार्थी जीवन में दृढ़ संकल्प और आत्मानुशासन अपनाएं तो वे देश का भविष्य संवार सकते हैं। इसलिए हमें नशा मुक्त समाज की दिशा में कदम बढ़ाने होंगे। इस मौके पर मुख्यातिथि अंग्रेज सैनी ने कहा कि पॉलिथीन हमारे पर्यावरण की सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है। यदि हर नागरिक आज से पॉलिथीन का बहिष्कार कर दे तो कल हमारे शहर और गांव स्वच्छ और सुरक्षित रहेंगे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि अशोक रोहिला, विद्यालय के प्राचार्य राजेश भढ़ाना भी मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों ने मिलकर संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में नशे और पॉलिथीन का प्रयोग नहीं करेंगे।




हांसी। छात्र छात्राओं को सम्मानित करते जेसीआई हांसी के प्रधान सर्वेश सैनी व अन्य

---

### हेल्थी प्लेट पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

**हिसार।** डाबड़ा रोड स्थित आईडी डीएवी पब्लिक स्कूल में पोषण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। कक्षा अनुसार हेल्थी प्लेट विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई , जिसमें बच्चों ने संतुलित आहार की महत्ता को रचनात्मक चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यालय के विज्ञान विभाग द्वारा संतुलित आहार का महत्त्व शीर्षक पर आधारित एक सेमिनार का आयोजन भी किया। इसके साथ ही एक विशेष 'फिटनेस बातचीत' के माध्यम से विद्यार्थियों को नियमित व्यायाम और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

**सूचना**

मैं, श्याम बाबू पुत्र श्री गैंदालाल निवासी दुर्गा कालोनी, मंडी आदमपुर, तहसील आदमपुर, जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सन्दीप व पुत्रवधु शिखा देवी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, राय साहब पुत्र श्री अमीलाल पुत्र श्री मामराज निवासी भोड़िया खेड़ा, बिशनोइयान, तहसील आदमपुर, जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सन्दीप कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



हिसार। मेयर प्रवीण पोपली को स्मृति चिन्ह भेंट करते स्वामी सत्यानन्द जी महाराज। फोटो: हरिभूमि

### हमें गुरुओं के दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए

**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि गुरु ही व्यक्ति को सही मार्ग दिखाता है, हमें गुरु के दिखाए मार्ग पर चल कर भलाई के कार्यों में अग्रसर रहना चाहिए। वे गोयंका सेवा सदन देवी भवन में चल रहे संत सम्मेलन में बोल रहे थे। मेयर पोपली ने कहा कि जो सज्जन गुरु की शरण में आ जाता है, तो उस पर सदा वे अपनी छाया व दया दृष्टि रखते हैं। गुरु हमेशा हमें सच्चे रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। इसलिए हमें धार्मिक आयोजनों में जरूर शिरकत करनी चाहिए।

### सार्वजनिक शौचालयों की सफाई करने के निर्देश

**हिसार।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत निगमायुक्त नीरज ने शहर के विभिन्न सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर में स्थित सभी सार्वजनिक शौचालयों की नियमित और पूर्ण सफाई प्रतिदिन सुनिश्चित की जाए। निगमायुक्त के आदेश के बाद नगर निगम की स्वच्छता टीम ने शहर के सभी प्रमुख शौचालयों का निरीक्षण किया।



हांसी। पुलिस कर्मचारी की पत्नी को चैक सौंपते पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन। फोटो: हरिभूमि

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की पत्नी को सौंपा 24 लाख का चेक

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने मंगलवार को अपने कार्यालय में स्वर्गीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ढाणी ब्राह्मण निवासी सतीश की धर्मपत्नी आशा को आर्थिक सहयोग स्वरूप 24,21,500 का चेक प्रदान किया। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कहा कि हांसी पुलिस अपने प्रत्येक कर्मचारी को परिवार का हिस्सा मानती है और कर्मचारियों के साथ-साथ उनके आश्रित परिवारजन के सुख-दुख में सदैव कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहती है।

### ग्रैंडपेरेंट प्रतियोगिता में निशा रही प्रथम

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय में कंप्यूटर साइंस विभाग सोशियोलॉजी विभाग और एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में दादा दादी (ग्रैंडपेरेंट) दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभाग द्वारा सेल्फी विद ग्रैंडपेरेंट्स की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें छात्राओं ने अपने दादा-दादी या माता-पिता के साथ सेल्फी लेकर और संदेश लिखकर ईमेल की। प्रतियोगिता में निशा रानी बीएससी प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का एक सप्ताह में होगा सर्वे: नीरज

## जिला नगर आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

जिला नगर आयुक्त नीरज ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत जिले भर में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए सभी शहरी स्थानीय निकायों को निर्देश दिए हैं कि वे एक सप्ताह के भीतर सभी आवेदनों का सर्वेक्षण कार्य पूरा करें। इस संबंध में उन्होंने सभी यूएलबी के ईओ व जेई को स्पष्ट आदेश जारी किए हैं। नगर आयुक्त ने कहा कि प्रत्येक जेई को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह पोर्टल पर प्राप्त आवेदन के आधार पर न केवल भौतिक रूप से स्थल का निरीक्षण करें, बल्कि मौके की स्पष्ट स्थिति का फोटोग्राफ भी खींचे और उसे आवेदन के साथ संलग्न करते हुए जिला नगर आयुक्त कार्यालय में प्रस्तुत करें।

- उपायुक्त नीरज ने शहरी स्थानीय निकायों को निर्देश दिए हैं कि वे एक सप्ताह के भीतर सभी आवेदनों का सर्वेक्षण कार्य पूरा करें

**कहां-कहां कितने आवदेन आए**

- हिसार जिले से शहरी क्षेत्र से 7654 आवेदन
- हिसार नगर निगम क्षेत्र से 3498 आवेदन
- बरवाला नगर पालिका से 1405 आवेदन
- हांसी नगर परिषद से 1285 आवेदन
- नारनौंद नगर पालिका से 749 आवेदन
- उकलाना नगर पालिका से 717 आवेदन



हिसार। यूएलबी अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते जिला नगर आयुक्त नीरज। फोटो: हरिभूमि

### जियो टैग फोटो पोर्टल पर होंगी अपलोड

उपायुक्त ने कहा कि सर्वे रिपोर्ट एक सप्ताह में तैयार कर जिला कार्यालय को सौंपे। इसके बाद अगला चरण जिला योजना शाखा के तहत होगा, जहां से चिन्हित पात्र आवेदनों की जियो टैग की गई तस्वीरें पोर्टल पर अपलोड की जाएंगी। यह प्रक्रिया इस योजना की पारदर्शिता और वास्तविकता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यूएलबी स्तर पर सभी अधिकारी व कर्मचारी इस योजना को गंभीरता से लें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र लाभार्थी योजना से वंचित न रहे। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी कहा कि निरीक्षण और सर्वे के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## निगमायुक्त ने अधिकारियों को दिए पानी की निकासी व सीवरेज की सफाई के आदेश

# कई इलाकों में जलभराव व सीवरेज ओवरफ्लो की बनी गंभीर समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

बीते दिनों हुई भारी वर्षा के बाद शहर के कई हिस्सों में जलभराव और सीवरेज ओवरफ्लो की गंभीर समस्या देखने को मिली। इस समस्या को प्राथमिकता से लेते हुए निगमायुक्त नीरज ने मंगलवार को वार्ड नंबर 18 और 19 के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, पार्षद मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने आजाद नगर, अमरजीत कॉलोनी, आदर्श कॉलोनी समेत प्रभावित क्षेत्रों में जाकर हालात का जायजा लिया। वहां के स्थानीय नागरिकों से भी बातचीत की गई, उन्होंने बरसात के दौरान उत्पन्न हो रही समस्याओं से अवगत कराया।

**सुपर सकर मशीनों की ली जाए सहायता**

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त नीरज ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में बार-बार जलभराव की समस्या सामने आती है, वहां स्थायी समाधान के लिए जल्द से जल्द एक विस्तृत योजना तैयार की जाए। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए निगमायुक्त ने कहा कि सीवरेज लाइन की तुरंत सफाई कराई जाए और इसके लिए सुपर सकर मशीनों की सहायता ली जाए।

इसके साथ ही उन्होंने सीवरेज की नियमित सफाई सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। इस दौरान एक्सईएन जयबीर डूडी, एमई कर्मपाल सिंधू, जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन बलकार रेड्डू, एसडीओ जसबीर, एसडीओ संजय दूहन, वार्ड 19 के पार्षद सत्यपाल पान्नू और वार्ड 18 के पार्षद गुलाब सिंह भी मौजूद रहे।




हिसार। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते निगमायुक्त नीरज।

### बाढ़ पीड़ितों के साथ मजाक कर रही सरकार

**हिसार।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि भाजपा सरकार बाढ़ पीड़ितों की पीड़ा और दुख को समझने की बजाय उनका मजाक बना रही है। सरकार द्वारा घोषित मुआवजा राशि पीड़ितों के घावों पर नमक छिड़कने के बराबर है। बहबलपुरिया ने कहा कि मृतक परिवार को मात्र 4 लाख रुपये देने का ऐलान सरकार की संवेदनहीनता दर्शाता है। कांग्रेस पार्टी की मांग है कि मृत्यु उपरांत कम से कम 15 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। उन्होंने शहर के वार्ड 18 एवं शास्त्री नगर में जलभराव की स्थिति का जायजा लिया और क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर कैप्टन राजवीर सिंह, प्रधान रोशन लाल, सुरेश वाल्मीकि, शशिकांत शर्मा, सतबीर कांगड़ा, मनोज राणा, सचिन राणा, तरसेम, शुभम कुमार, चन्द्र शेखर आदि मौजूद थे।



हिसार। डीसी को ज्ञापन देते जजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि

### किसानों को जल्द मिले खराब फसलों व क्षति ग्रस्त मकानों का मुआवजा: अमित बूरा

*हिसार। जजपा के जिला अध्यक्ष अमित बूरा के नेतृत्व में जजपा नेताओं व कार्यकर्ता ने जिला उपायुक्त अनीश यादव को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से जलभराव के कारण किसानों की खराब हुई फसलों, क्षतिग्रस्त मकानों, अंगहानि, गावों में दुकान व संस्थान की क्षति भरपाई करने के लिए मांग की गई। इस मौके पर जेजेपी जिला अध्यक्ष बूरा ने कहा कि गांव गुराना, सरसौद शाहपुर, आर्यनगर, कैमरी व अन्य जितने भी गांव हैं, सब जगह अधिक मोटर की व्यवस्था की जाए तथा पानी को निकलवाएं जा सके। इस पर जिला उपायुक्त अनीश यादव ने 2 दिन के अन्दर व्यवस्था को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया। वहीं हिसार के पूर्व प्रत्याशी व जिला प्रवक्ता रवि आहूजा ने शहर के मुख्य चौक व तेलियान पुल पर जल भराव के कारण बने हुए जल निकासी करने की मांग उठाई। इस अवसर पर जेजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शीला भ्याणा, जिला प्रभारी अनिल बालकिया, मा. ताराचंद, एडवोकेट कलम सिंह, डा. अजीत ओडीएम, जिला पार्षद अनिल शर्मा, गुलाब सिंह खेदड़, सत्यवान कुहाड, सुनील रावत, विपिन गोयल, तरुण गोयल, प्रभुदयाल जाखड़ आदि रहे।*

## एलीट स्विम एकेडमी तैराकों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

एलीट स्विम एकेडमी के खिलाड़ियों ने ऋषिकुल स्कूल सोनीपत में आयोजित सीबीएसई नार्थ जोन तैराकी प्रतियोगिता बॉयज़ और गर्ल्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है। एकेडमी की दीक्षिका शर्मा ने 50,100 व 200मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में तीन रजत व 400 मीटर आईएम में कांस्य पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन से सबको गौरवान्वित किया। इनायत मोर ने 400 मीटर आईएम में रजत व 200 मीटर आईएम और 100 मीटर में कांस्य पदक जीतकर असाधारण प्रतिभा का परिचय दिया। रक्षिता चौधरी ने 50 मीटर फ्री स्टाइल प्रतियोगिता में रजत जीता है। इसके अलावा रमन शर्मा ने 50 मीटर फ्री स्टाइल में एक कांस्य पदक जीता है।



हिसार। शानदार प्रदर्शन करने वाले एलीट स्विम एकेडमी के तैराक।




### कृष्णा देवी गुरुकुल स्कूल ने मनाया शिक्षक दिवस

**उकलाना।** कृष्णा देवी गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने हेतु रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशक काजल धायल और प्राचार्य जय प्रकाश पांडेय को विद्यार्थियों ने विशेष उपाधियां प्रदान कीं। इसी प्रकार सभी शिक्षकों को भी विद्यार्थियों ने अलग-अलग शीर्षक देकर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम को और रोचक बनाने के लिए विद्यार्थियों ने शिक्षकों हेतु विभिन्न खेल एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया। खेलों में भाग लेते हुए शिक्षकों ने भी भरपूर उत्साह दिखाया और विद्यार्थियों के साथ आनंद साझा किया। निदेशक काजल धायल ने अपने संबोधन में कहा शिक्षक केवल पढ़ाते ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के जीवन की दिशा तय करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों द्वारा किया गया यह आयोजन वास्तव में सराहनीय है।

## अग्रोहा मेडिकल ने बीएसएफ में फिजियोथेरेपी हेल्थ कैंप लगाया

- व्याख्यान के उपरांत बीएसएफ क्लिनिक में मरीजों की जांच की गई और उन्हें आवश्यक परामर्श भी दिया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर महाराजा अग्रसेन कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी द्वारा सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) परिसर में एक दिवसीय फिजियोथेरेपी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता कमांडेंट आई. के. वाग्ले ने की। शिविर की शुरुआत डॉ. निधि एवं डॉ. ईशिका के व्याख्यान से हुई, जिसमें उन्होंने सही बैठने-उठने की मुद्रा और फिजियोथेरेपी की आवश्यकता पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। व्याख्यान के उपरांत बीएसएफ क्लिनिक में मरीजों की जांच की गई और उन्हें आवश्यक परामर्श भी दिया गया। इस जागरूकता शिविर से लगभग 150 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।



हिसार। व्याख्यान में उपस्थित अग्रोहा मेडिकल कॉलेज स्टाफ व बीएसएफ के जवान।

**ये रहे मौजूद**

*कार्यक्रम में डीसी प्रदीप कुमार, डीसी मंगल सिंह, प्राचार्य डॉ. पवन अग्रवाल, डॉ निधि अग्रवाल, एसआई राजीव शर्मा सहित कॉलेज के फिजियोथेरेपी इंटर्न, बीएसएफ स्टाफ एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।*

## शिक्षण संस्थान के ब्रैंड एम्बेसडर होते हैं पूर्व विद्यार्थी

- गुजवि के गणित विभाग में पूर्व विद्यार्थी सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि पूर्व विद्यार्थी शिक्षण संस्थान के ब्रैंड एम्बेसडर होते हैं। पूर्व विद्यार्थी न केवल संस्थान के विकास में अपना योगदान देते हैं, बल्कि वर्तमान विद्यार्थियों का भी मार्गदर्शन व सहयोग करते हैं। वे गणित विभाग के पूर्व विद्यार्थियों के सम्मेलन को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि पूर्व विद्यार्थी संस्थान से शिक्षा ग्रहण करने के बाद देश-विदेश में अपनी सेवाएं देते हैं। इन पूर्व विद्यार्थियों के आचार-व्यवहार, कार्यशैली और ज्ञान कौशल में विश्वविद्यालय की संस्कृति व संस्कार झलकते हैं। एल्मुनाई रिलेशंस विभाग के डीन एवं गणित विभाग के अध्यक्ष प्रो. मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस सम्मेलन में 1995 से 2024 बैच तक के 70 पूर्व विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सिल्वर जुबली पूरी करने वाले 1995 से 2000 बैच के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने गणित विभाग की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर पूर्व विद्यार्थियों ने अपने संस्मरण सांझा किए। प्रिंसिपल अकाउंटेंट जनरल (ऑडिट), हरियाणा, चंडीगढ़ के सीनियर ऑडिट ऑफिसर एवं पूर्व विद्यार्थी आनन्द कुमार बूरा ने कहा कि वे विश्वविद्यालय के लिए किसी भी प्रकार के सहयोग के लिए सदैव तैयार हैं। सभी पूर्व विद्यार्थियों ने एकमत से विभाग में एलुमनाई क्लब की अतिशीघ्र स्थापना करने का निर्णय लिया, जिससे जरूरतमंद विद्यार्थियों को यथासंभव सहयोग दिया जा सके।



हिसार। गुजवि में सम्मेलन में मुख्यातिथि कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई को सम्मानित करते आयोजक। फोटो: हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

प्रो. सुनीता पानू ने स्वागत सम्बोधन किया। प्रो. सुनीता रानी ने विभाग की विकास यात्रा के बारे में जानकारी दी। प्रो. कपिल कुमार ने धन्यवाद सम्बोधन किया। इस अवसर पर सम्मेलन के संयोजक प्रो. पंकज कुमार, डा. संदीप सिंह, डा. रेणू, डा. हेमंत व डा. सुनीता उपस्थित रहे।

## निगमायुक्त ने अधिकारियों के साथ सुबह किया शहर के सफाई कार्यो का निरीक्षण

# खुले में कचरा डालने पर निगम हुआ सख्त 26 अधिकारी व कर्मचारी काटेंगे चालान

**एएसआई को सीटीयू प्वाइंटों का चयन करने के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान को लेकर नगर निगम प्रशासन ने खुले में कचरा डालने वालों पर अब सख्ती का मन बना लिया है। इसके लिए नगर के 26 अधिकारी और कर्मचारी रात-दिन फील्ड में रहकर ऐसे लोग की पहचान करेंगे जो खुले में कचरा डालते है। इस दौरान खुले में कचरा डालने वालों का चालान भी किया जाएगा। यह निर्णय मंगलवार को निगमायुक्त नीरज ने अभियान की समीक्षा के लिए अधिकारियों की समीक्षा बैठक में लिया। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि ये सभी अधिकारी व कर्मचारी यह सुनिश्चित करेंगे कि हर घर का कचरा डोर-टू-डोर वाहन में ही डाले। निगमायुक्त ने सभी एएसआई को सीटीयू प्वाईंटों को चयनित करने के भी निर्देश दिए। इसके साथ-साथ वार्ड पार्षद और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर लोगों सड़क पर कचरा न डालने के लिए जागरूक भी करेंगे।



हिसार। निरीक्षण करते निगमायुक्त नीरज व अतिरिक्त निगमायुक्त शालिनी चेतल।

### निगमायुक्त ने विभिन्न क्षेत्रों को किया निरीक्षण

इससे पूर्व निगमायुक्त नीरज ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान अतिरिक्त निगमायुक्त शालिनी चेतल, एमई सुनील लाम्बा व सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने डोगरान मोहल्ला, सेक्टर-14, सेक्टर-33, बस स्टैंड, बरवाला चुंगी, मलिक चौक, रेलवे स्टेशन रोड, राजगढ़ रोड और इनसे जुड़े आस-पास के इलाकों का दौरा किया। इन क्षेत्रों में सफाई कार्यों की स्थिति और नगर निगम द्वारा बनाए गए सेकेंडरी कचरा प्वाइंटों की व्यवस्था की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने पाया कि कुछ स्थानों पर सफाई व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है।

### मोक्ष वृद्धाश्रम ने रेवाड़ी की महिला व बच्चे को परिवार से मिलवाया

**हिसार।** मोक्ष वृद्धाश्रम ने महिला रूबी व उसके चार वर्षीय बेटे को परिवार से मिलवाकर अतुलनीय कार्य किया है। मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु ने बताया कि मानसिक रूप से परेशान और अवसादग्रस्त रूबी कुछ दिन पहले हिसार पहुंची थी और उसे सेवा व संभाल के लिए मोक्ष वृद्धाश्रम के मंदबुद्धि महिला आश्रम में पहुंचा दिया गया। यहां उसकी व उसके बच्चे की समुचित देखभाल की गई। इसके साथ उसके परिजनों को ढूंढने का काम भी शुरू किया गया। विभिन्न प्रयासों के चलते रूबी के पति रेवाड़ी निवासी अनिल कुमार का पता चला।

## सेक्टर 14 और 33 के पार्कों का होगा कायाकल्प: सावित्री

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

**4.5 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।**

विधायक सावित्री जिंदल ने कहा कि शहर की सुंदरता बढ़ाने और नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सैक्टर 14 और सैक्टर 33 स्थित पार्कों का कायाकल्प किया जाएगा। इन पार्कों के संपूर्ण विकास पर लगभग 4.5 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस कार्य के पूरा होने से शहरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित और आधुनिक पार्कों की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के अंतर्गत पार्कों की बाउंड्री वॉल, ग्रिल्स और गेट का निर्माण किया जाएगा ताकि पार्क पूरी तरह सुरक्षित रह सकें। पार्कों की संरचना को और मजबूत करने के लिए आवश्यक सुधार कार्य किए जाएंगे। हरियाली को बढ़ावा देने के लिए लॉन की टर्फिंग, सजावटी पौधों, झाड़ियों और विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया जाएगा।



सावित्री जिंदल, विधायक।